हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

11 हक की लड़ाई में उतरे दमकल विभाग के कर्मचारी...



12 जून-सी गर्मी का कहर : तपती रातों ने बढ़ाई परेशानी...



## खबर संक्षेप

### फतेहाबाद-भट्टू में हेरोइन सहित दो युवक पकड़े

**फतेहाबाद।** थाना भट्टू कलां पुलिस ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए एक युवक को हेरोइन सहित काबू किया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह पीछे मुडक़र जाने लगा, जिस पर शक के आधार पर उसे काबू कर पूछताछ की गई। दूसरे मामले में एक युवक सेक्टर-11 स्थित कालीदास कॉलोनी के पास मोटरसाइकिल पर खड़ा होकर राहगीरों को हेरोइन बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां एक युवक मोटरसाइकिल सहित संदिग्ध अवस्था में मिला।

### नांदेड़ के लिए 30 अप्रैल तक करें पंजीकरण

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत इस बार श्रद्धालुओं को तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब (नांदेड़) के पावन दर्शन कराने का विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत पात्र नागरिकों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी, जिसके लिए पात्र नागरिक 30 अप्रैल तक सरल पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता हैं।

### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही कई मामलों का निपटारा सुनिश्चित कराया। एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का सरल और समय पर समाधान उपलब्ध कराना है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तय समय सीमा में उसका समाधान किया जाए।

### चनकोठी में 6 मई से शुरू होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

**फतेहाबाद।** गांव चनकोठी में 'पीर बाबा चन फकीर स्पोट्र्स क्लब' के तत्वाधान में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 6 मई से शुरू होकर 11 मई तक चलेगा, जिसमें क्षेत्र की 60 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 41 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि उपविजेता टीम को 25 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।

### महाराज अरुट जयंती राज्य स्तर पर मनाने की मांग

**फतेहाबाद।** महाराज अरुट जी की जयंती को राज्य स्तर पर मनाने की मांग लगातार जोर पकड़ रही है। इसी क्रम में कॉपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन एवं पंजाबी नेता नरेश तनेजा टीटू ने हरियाणा सरकार से अपील करते हुए कहा कि 30 मई को मनाई जाने वाली महाराज अरुट जी की जयंती को प्रदेश स्तर पर भव्य रूप से आयोजित किया जाए। नरेश तनेजा टीटू ने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न महापुरुषों की जयंती को सरकारी स्तर पर मनाकर उनके आदर्शों का प्रचार-प्रसार कर रही है।

### आभूषण और नकदी चोरी का आरोपी काबू

**सिरसा।** ऐलनाबाद पुलिस ने शहर के वार्ड नंबर 15 में स्थित एक घर से सोने के आभूषण व नकदी चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। ऐलनाबाद थाना प्रभारी ने बताया कि भागवंती पत्नी हरिराम पुलिस को दी शिकायत में बताया बीती 16 अप्रैल की शाम को अपने परिवार सहित अपने रिशतेदारों के घर पर शादी समारोह कार्यक्रम में गई हुई थी।

## फतेहाबाद तहसील में बड़ा भूमि घोटाला, सरकारी खजाने को लाखों का नुकसान

# करोड़ों की कमर्शियल जमीन को कृषि बताकर किया 'खेल'

### उपायुक्त ने लगाई रजिस्ट्रियों पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद के तहसील कार्यालय में करोड़ों रुपये की कमर्शियल जमीन को कृषि भूमि दर्शाकर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करने का बड़ा मामला सामने आया है। इस खेल के जरिए सरकारी खजाने को लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कड़ा संज्ञान लिया है और संबंधित रजिस्ट्रियों पर रोक लगाते हुए जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, कार्रवाई की भनक लगते ही नायब तहसीलदार विकास कुमार छुट्टी पर चले गए हैं। मिली जानकारी के

**नगर परिषद और तहसील के स्टाफ की मिलीभगत का आरोप**



डीसी डॉ. विवेक भारती

अनुसार शहर के मिनी बाईपास स्थित बीघड़ रोड पर एक अवैध कमर्शियल कॉलोनी की जमीन को वैध और कृषि योग्य बताकर बेहद कम कीमत पर रजिस्ट्री कर दी गई। नियमों के अनुसार, कमर्शियल श्रेणी की जमीन की रजिस्ट्री के लिए जिला नगर योजनाकार की एनओसी अनिवार्य होती है, जिसे इस मामले में पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। आरोप है कि नगर परिषद के कर्मचारियों और तहसील स्टाफ की मिलीभगत से जमीन की फर्जी प्रॉपर्टी आईडी तैयार की गई ताकि उसे कृषि भूमि के रूप में पेश किया जा सके।

### अधिकारियों की चुप्पी और जांच का घेरा

*डीसी डॉ. विवेक भारती खुद इस पूरे प्रकरण की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने नायब तहसीलदार विकास कुमार द्वारा हस्ताक्षरित विवादित रजिस्ट्रियों पर आगामी आदेशों तक रोक लगा दी है। फिलहाल राजस्व विभाग का कोई भी अधिकारी इस पर खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। दूसरी ओर, नायब तहसीलदार का मोबाइल नंबर बंद आ रहा है, जिससे संदेह गहरा गया है।*

### नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

इस घोटाले ने नगर परिषद फतेहाबाद को भी संदेह के घेरे में ला खड़ा किया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जहाँ आम नागरिक प्रॉपर्टी आईडी के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, वहीं भू-माफिया और दलाल मिलीभगत से फर्जी आईडी बनवाकर बड़े घोटालों को अंजाम दे रहे हैं। निवासियों ने मांग की है कि इस साल बनी सभी प्रॉपर्टी आईडी की उच्च स्तरीय जांच की जाए ताकि पर्दे के पीछे बैठे असली दोषियों को बेनकाब किया जा सके।

### तीन रजिस्ट्रियों में सामने आई बड़ी धांधली

जांच में 25 मार्च 2026 को दर्ज तीन रजिस्ट्रियों नंबर 7648, 7649 और 7650 में भारी अनियमितता मिली है। रजिस्ट्री 7648 और 7649 में विक्रेता प्रवीण कुमारी ने 222-222 वर्ग गज के दो प्लॉट रीना रानी और दीपा रानी को करीब 50 लाख रुपए में बेचे दिखाए, जबकि कलेक्टर रेट इससे कहीं अधिक था। इन मामलों में स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस में भारी चोरी की गई। इसके अतिरिक्त रजिस्ट्री नंबर 7650 करीब 28 मरला जमीन रमेश रानी, सरोज मेहता और पूजा रानी के नाम 50 लाख रुपए से कम में दर्ज कर दी गई, जबकि वास्तविक कलेक्टर रेट ढाई करोड़ रुपए से अधिक बताया जा रहा है। इस एक रजिस्ट्री में ही करीब 9.5 लाख रुपए स्टांप शुल्क और 20 हजार रुपए रजिस्ट्रेशन फीस का नुकसान हुआ। कुल मिलाकर अब तक 12 लाख रुपये से अधिक के राजस्व घाटे का अनुमान लगाया जा रहा है।



## पॉलीथिन चालान के विरोध में बवाल, घंटाघर चौक किया जाम

- व्यापारियों की चेतावनी : चालान रद्द न हुए तो शहर बंद, फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की मांग तेज
- जाम और प्रदर्शन से ठप रहा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

जिले के टोहाना शहर में पॉलीथिन रखने पर प्रशासन द्वारा चालान काटे जाने के विरोध में सैकड़ों दुकानदार सड़कों पर उतर आए। चार प्रमुख मार्केट के व्यापारियों ने संयुक्त रूप से घंटाघर चौक पर जाम लगाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में भाजपा समर्थित दुकानदार, पार्षद सहित विभिन्न वर्गों के व्यापारी शामिल रहे। दुकानदारों का कहना है कि चार-पांच दुकानों के चालान किए गए हैं, जिन्हें तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि छोटे दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है।

### चेतावनी दी

व्यापारी नेता रामकुमार सैनी ने चेतावनी दी कि यदि चालान खारिज नहीं किए गए और दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई तो पूरा शहर बंद किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जल्द ही व्यापारियों की बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। व्यापारियों ने यह भी सवाल उठाया कि जब पॉलीथिन बाहर से आ रहा है तो उसे रोकने की जिम्मेदारी किसकी है। उन्होंने टोहाना की सीमाओं को सील करने की मांग करते हुए कहा कि शहर में कोई फैक्ट्री नहीं है और प्रशासन कहीं भी जांच कर सकता है। वहीं सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानदारों को समझाने का प्रयास किया, साथ ही नगर परिषद और एसडीएम आकाश शर्मा को भी स्थिति से अवगत कराया गया।

## माइनिंग कार्रवाई से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

संयुक्त किसान मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को भट्टू कलां इलाके के किसानों की समस्याओं को लेकर फतेहाबाद के उपायुक्त से मुलाकात की। किसान नेता विष्णु दत्त शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे इस डेलिगेशन ने खनन (माइनिंग) विभाग द्वारा किसानों को दी जा रही कथित परेशानियों के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया और एक ज्ञापन सौंपा। डीसी से मिलने आए पीली मन्दोरी और आसपास के गांवों के किसान बृजलाल कड़वासरा, विजय सिंह जाखड़, ओमप्रकाश, शंकर लाल, धर्मपाल, मांगे राम, कालुराम और अमर चन्द ने अपनी व्यथा सुनाई। किसानों का आरोप है कि भट्टू ब्लॉक के खेतों में लंबे समय से सेम की गंभीर समस्या है, जिससे जमीन बंजर होती जा रही है और फसलें बर्बाद हो रही हैं। जब किसान अपनी ही जमीन को खेती योग्य बनाने के लिए मिट्टी को एक किले से दूसरे किले में डालकर समतल यानि लेवलिंग करते हैं, तो माइनिंग विभाग के अधिकारी उन्हें रोकते हैं।



### अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की अपील

प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मांग की है कि किसानों को अपनी ही निजी भूमि सुधारने के कार्य में तंग करना तुरंत बंद किया जाए। उन्होंने विभाग के ऐसे आदेशों को वापस लेने और निर्दोष किसानों को परेशान करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की। किसानों का कहना है कि इस कार्रवाई से उन्हें न केवल मानसिक बल्कि भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। पूरे मामले को गंभीरता से सुनने के बाद, उपायुक्त ने किसान प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि किसी भी किसान को बेवजह परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

## पुलिस ने सुलझाई बाइक चोरी की गुत्थियां

- दो शातिर चोर गिरफ्तार, चार मोटरसाइकिलें बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला पुलिस ने चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। थाना शहर फतेहाबाद की पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जिनसे चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। इन बरामदगी से फतेहाबाद और टोहाना क्षेत्र में हुई चोरी की कई गुत्थियां सुलझने का दावा किया जा रहा है। डीएसपी कुलवंत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में गांव बोसवाल, ढाणी रूपनगर निवासी राजेंद्र सिंह ने पुलिस चौकी बस अड्डा में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, बीती 11 अप्रैल को वह अपनी मोटरसाइकिल पुराने बस स्टैंड के पास स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम के पास खड़ी कर किसी काम से गया था। वापस आने पर उसकी बाइक वहां नहीं मिली। पुलिस ने इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने राहुल निवासी भुना को नामजद कर उसे गिरफ्तार किया। राहुल की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।





फतेहाबाद। पुलिस द्वारा गिरफ्तार वाहन चोरी के दोनों आरोपी व वाहन चोरों से बरामद किए गए मोटरसाइकिल। *फोटो : हरिभूमि*

### आरोपी पवन को किया गिरफ्तार

चोरी की दूसरी वारदात रतिया रोड पर स्थित शीश महल पैलेस में हुई थी। जींद निवासी विकास, जो वर्तमान में फतेहाबाद के डीएसपी रोड पर रहता है, ने शिकायत दी थी कि 20 अप्रैल को एक शादी समारोह के दौरान उसकी बाइक पार्किंग से गायब हो गई थी। शहर पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए पवन कुमार निवासी बिठमड़ा जिला हिसार को काबू किया है।

## रिक्त पदों पर उप चुनाव के लिए मतदान केंद्रों की सूची जारी

- 10 मई को मतदान प्रक्रिया के तुरंत बाद होगी मतगणना, उसी दिन घोषित होंगे परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला में पंचायती राज संस्थाओं के पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य के रिक्त पदों पर आगामी 10 मई को होने वाले उप चुनाव के लिए मतदान केंद्रों की सूची जारी की गई है। डीडीपीओ बलजीत सिंह ने बताया कि पंचायत समिति ऐलनाबाद (वार्ड नंबर 19) के लिए मतदान के तहत ग्राम पंचायत उमेदपुरा के वार्ड नंबर 1 से 9 तक के मतदाता राजकीय माध्यमिक विद्यालय, उमेदपुरा में बनाए गए मतदान केंद्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं, ग्राम पंचायत मल्लेकां के वार्ड संख्या 1 से 8 तक के मतदाता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मल्लेकां में बनाए गए मतदान केंद्र में मतदान करेंगे। इसी प्रकार पंचायत समिति सिरसा (वार्ड संख्या 8) के लिए मतदान के तहत ग्राम पंचायत नटार के वार्ड नंबर एक से 14 के मतदाता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नटार में तथा ग्राम पंचायत मो. सलारपुर के वार्ड नंबर एक से आठ के मतदाता राजकीय स्कूल मो. सलारपुर में बनाए गए मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।



## स्वगणना एक सरल और डिजिटल प्रक्रियाः एडीसी

**सिरसा।** एडीसी अर्पित संगल ने कहा कि जिले में जनगणना प्रक्रिया चल रही है। जिसके तहत 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना की जा रही है। स्व-गणना को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों को विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वगणना एक सरल और डिजिटल प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से नागरिरक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। इससे जनगणना का कार्य तेजी से पारदर्शिता और सटीक रूप से पूरा किया जा सकेगा। जागरूकता मुहिम के तहत शिक्षण संस्थानों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है। कॉलेज, स्कूल और आईटीआई संस्थानों में विशेष कैंप आयोजित कर विद्यार्थियों को स्व-गणना प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व-गणना का पोर्टल 16 अप्रैल से शुरू हो चुका है और 30 अप्रैल तक चलेगा। जिन लोगों को ऑनलाइन जानकारी भरने में किसी प्रकार की परेशानी आती है, उनके लिए प्रशिक्षित कर्मचारी उनकी मदद करेंगे। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपनी सही और पूर्ण जानकारी दर्ज करें।

## लाखों की हेरोइन व चूरापोस्त पकड़ा

- गश्त व चेकिंग के दौरान कार्रवाई, पांच तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए जिले क्षेत्र से पांच तस्करों को गिरफ्तार कर लाखों रुपये की हेरोइन व चूरापोस्त बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान गौरव, विकास, अवतार सिंह, जसबीर सिंह व सतपाल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए सिरसा पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान कपास मंडी की तरफ जा रही थी। इसी दौरान कपास मंडी की तरफ से बाइक सवार एक युवक आता दिखाई दिया, जो कि पुलिस को देखकर वापस मुडक़र भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 16 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। एक अन्य घटना में एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने महिला पॉलटेक्निकल कॉलेज क्षेत्र से बाइक सवार दो युवकों विकास व अवतार सिंह को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह ग्राम हेरोइन बरामद की है। सीआईए डबवाली पुलिस ने कालांवाली क्षेत्र से पांच किलो चूरापोस्त सहित सहित पंजाब निवासी दो आरोपियों जसबीर सिंह व सतपाल को गिरफ्तार किया है।




सिरसा। पकड़ा गया चूरापोस्त तस्कर। *फोटो : हरिभूमि*

## ढीले तारों से हादसे का खतरा, बार-बार उड़ रहे फ्यूज, ग्रामीणों ने घेराव की दी चेतावनी

# कंवलगढ़ में सालभर से नया ट्रांसफार्मर बेकार, गांव में बिजली संकट गहराया

### नजदीकी बिजलीघर से कनेक्शन जोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

क्षेत्र के गांव कंवलगढ़ में बिजली आपूर्ति व्यवस्था लंबे समय से चरमराई हुई है। ग्रामीणों को बिजली विभाग की कथित लापरवाही के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आम जनजीवन और खेती-किसानी दोनों प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लगे पुराने ट्रांसफार्मर पर अब तक स्विच नहीं लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग एक साल पहले गांव में एक नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया था, लेकिन उसका कनेक्शन अभी तक चालू नहीं किया गया है। मौजूदा ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक भार के कारण बार-बार फ्यूज उड़ रहे हैं और बिजली की तारें जल रही हैं। गांव में कई स्थानों पर बिजली की तारें ढीली लटक रही हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। गांव वासियों के अनुसार, वर्तमान में गांव में बिजली आपूर्ति लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित गांव महमबड़ा से की जा रही है। जबकि, गांव बाड़ा में बिजलीघर केवल 3 किलोमीटर की दूरी पर है। ग्रामीणों की मांग है कि कंवलगढ़ की बिजली आपूर्ति को बाड़ा बिजलीघर से जोड़ा जाए, ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान हो सके। पंचायत द्वारा कई बार प्रस्ताव भेजे जाने और बिजली विभाग को लगातार शिकायतें करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस अनदेखी से ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है।



गांव कंवलगढ़ में लगा ट्रांसफार्मर। *फोटो : हरिभूमि*

### फसलों की सिंचाई में हो रहा नुकसान

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली संकट के कारण उनके घरेलू कामकाज बाधित हो रहे हैं और किसानों को सिंचाई में भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीण सुनील कुमार, चंद राम, देशराज, लखविंदर सिंह, जसपाल सिंह और मेंबर रवि कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे रतिया बिजलीघर का घेराव करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि वे अब आंदोलन का रास्ता अपनाने से पीछे नहीं हटेंगे।

## हिसार जेल से पैरोल पर आया कैदी वापस नहीं लौटा

- आरोपी के खिलाफ डीएसपी ने केस दर्ज कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हिसार की केंद्रीय जेल-1 से 10 सप्ताह की पैरोल पर बाहर आया एक कैदी समय पूरा होने के बाद भी वापस जेल नहीं लौटा। मामले को गंभीरता से लेते हुए जेल प्रशासन ने पुलिस थाना भूना को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। डीएसपी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, गांव सनियाना के दीपक उर्फ दीपु को जिला मजिस्ट्रेट फतेहाबाद के आदेश पर 29 जनवरी को 10 सप्ताह की पैरोल पर रिहा किया गया था, उसे 10 अप्रैल की दोपहर तक केंद्रीय जेल-1 हिसार में आत्मसमर्पण करना था, लेकिन तय समय बीतने के बाद भी वह वापस नहीं लौटा। जेल प्रशासन की ओर से भेजे गए पत्र में बताया गया है कि दीपक उर्फ दीपु पहले से ही लूट से जुड़े कई मामलों में दोषी करार दिया जा चुका है। विभिन्न मामलों में हिसार की अदालतों ने उसे अलग-अलग तारीखों पर 5-5 साल के कठोर कारावास और 25-25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर अतिरिक्त सजा का प्रावधान भी रखा गया है। इसके बावजूद पैरोल पर बाहर आने के बाद उसका वापस न लौटना कानून का उल्लंघन माना गया है।

बच्चो, तुमने तोते या किसी अन्य जंतु को मनुष्य की आवाज या विभिन्न तरह की ध्वनियों की नकल करते सुना होगा। ये पशु-पक्षी क्यों और कैसे आवाजों की नकल कर लेते हैं, इस बारे में जानो।



# आवाजों की नकल करने में माहिर होते हैं कुछ पशु-पक्षी

जानकारी

शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ पशु-पक्षियों में इंसान की बोली की नकल करने की क्षमता पाई जाती है। कई जंतु तो ऐसे भी होते हैं, जो मनुष्य की बोली के अलावा अन्य स्रोतों से आ रही आवाजों की भी हू-ब-हू नकल कर लेते हैं। तोता, मैना, लायरबर्ड जैसे पक्षी और डॉल्फिन जैसे जलीय जंतु में ये गुण विशेष रूप से पाए जाते हैं। मनुष्य की बोली या फिर किसी आवाज की नकल करने की क्षमता इन जंतुओं की शारीरिक संरचना, मस्तिष्क की संरचना और बुद्धिमत्ता पर निर्भर करती है। इसे विस्तार से जानो-

## विशिष्ट स्वर तंत्र

कुछ पक्षियों में सिरिंक्स नामक एक विशेष अंग स्वरयंत्र होता है, जो उनके श्वास नली में स्थित होता है। यह मनुष्यों के स्वरयंत्र लैरिंक्स से अलग होता है, यह इन पक्षियों में विभिन्न ध्वनियों को उत्पन्न करने में अत्यधिक लचीलापन प्रदान



करता है। तोता, मैना और लायरबर्ड जैसे पक्षियों में सिरिंक्स की मांसपेशियां जटिल ध्वनियों को दोहराने में सक्षम होती हैं। लायरबर्ड का सिरिंक्स तो इतना विकसित होता है कि यह चेनसॉ या कैमरे के शटर जैसी यांत्रिक ध्वनियों की भी नकल कर सकता है। पक्षियों के अलावा डॉल्फिन जैसे कुछ स्तनधारी जंतु नाक के छिद्रों और गले की



मांसपेशियों का उपयोग करके ध्वनियां उत्पन्न करते हैं। ये जीव मानव सीटी या क्लिक्स जैसी ध्वनियों की भी नकल कर सकते हैं। उनकी नकल शब्दों तक सीमित होती है। इन प्राणियों में ध्वनि उत्पन्न करने वाली मांसपेशियों पर उच्च स्तर का नियंत्रण होता है, जिससे वे विभिन्न आवृत्तियों और स्वरों को दोहरा सकते हैं।

## उत्कृष्ट श्रवण क्षमता

आवाज या ध्वनि की नकल करने वाले प्राणी उत्कृष्ट श्रवण क्षमता रखते हैं, जो उन्हें जटिल ध्वनियों को सुनने, विश्लेषण करने और दोहराने में मदद करती है। जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट न केवल शब्दों को दोहराता है, बल्कि उनके स्वर और लहजे को भी कॉपी करता है। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरणीय ध्वनियों को सुनकर उन्हें सटीक रूप से दोहराते हैं।

## मस्तिष्क की बुद्धिमत्ता और स्मृति

कुछ पक्षियों, जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट और रेवेन में बड़ा और जटिल मस्तिष्क होता है, विशेष रूप से उनका फोरब्रेन क्षेत्र, जो ध्वनियों को सीखने और



याद रखने में मददगार होता है। न्यूरोलॉजिकल अध्ययनों के अनुसार तोते में एक विशेष मस्तिष्क क्षेत्र होता है, जिसे 'सॉन्ग सिस्टम' कहा जाता है। यह क्षेत्र ध्वनियों को सीखने और उन ध्वनियों को दोहराने में मदद करता है। डॉल्फिन में भी बड़ा मस्तिष्क और जटिल न्यूरल नेटवर्क होता है, जो इसे ध्वनियों को समझने और दोहराने में सक्षम बनाता है।

## सामाजिक संपर्क और प्रशिक्षण

कई बार पालतू पक्षी जैसे तोता-मैना आदि मानव संपर्क में रहने के कारण नकल करते हैं। वे बार-बार सुने गए शब्दों या वाक्यांशों को सीख लेते हैं, उन्हें दोहराते हैं। लायरबर्ड जैसे जंगली पक्षी सामान्य तौर पर प्राकृतिक ध्वनियों (जैसे- पशु-पक्षियों की आवाजें या अन्य ध्वनियां, जो उन्हें सुनाई देती हैं) की ही नकल लेते हैं। लेकिन इंसानों के संपर्क में आने पर, इंसानों की आवाज सुनकर लायरबड्र्स इंसानी बोली की भी नकल कर सकते हैं। *

## क्यों करते हैं नकल



**बच्चो, तुम** सोच सकते हो कि ये जंतु आवाजों की नकल क्यों करते हैं? नकल करने का जो कारण है, वह इन प्राणियों के प्राकृतिक व्यवहार, सामाजिक संरचना और अस्तित्व की रणनीतियों से जुड़ा होता है।

**सामाजिक संवाद:** ज्यादातर पक्षी और डॉल्फिन सामाजिक प्राणी हैं। नकल उनकी सामाजिक संरचना का हिस्सा है, जिसके माध्यम से वे अपने समूह के अन्य सदस्यों के साथ संवाद करते हैं। जैसे तोता और मैना अपने झुंड में पहचान स्थापित करने के लिए विशिष्ट ध्वनियों की नकल करते हैं। पालतू होने पर वे मानव को अपने 'झुंड' का हिस्सा मानकर और कभी-कभी उनसे मैत्री भाव दर्शाने के लिए भी उनकी बोली की नकल करते हैं। डॉल्फिन अपने समूह (पॉड) में संवाद के लिए सीटियां और क्लिक्स का उपयोग करती हैं। मानव ध्वनियों की नकल उनके सामाजिक बुद्धिमत्ता का हिस्सा हो सकती है।

**पर्यावरणीय अनुकूलन:** जंगली पक्षी, जैसे कौए और रेवेन पर्यावरणीय ध्वनियों की नकल करके अपने आस-पास के खतरों या अवसरों को समझते हैं। उदाहरण के लिए वे शिकारियों की आवाज की नकल करके अन्य जानवरों को चेतावनी देते हैं। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरण की ध्वनियों (जैसे पानी की आवाज या अन्य पक्षियों की कॉल) की नकल करके अपने क्षेत्र में छिपने या संवाद करने में मदद लेते हैं।

**बुद्धिमत्ता और जिज्ञासा:** अफ्रीकी ग्रे तोते और डॉल्फिन जैसे प्राणी अत्यधिक बुद्धिमान होते हैं। उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता उन्हें नई ध्वनियों को सीखने और दोहराने के लिए प्रेरित करती हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि अफ्रीकी ग्रे तोता 'एलेक्स' न केवल शब्दों को दोहराता था बल्कि उनके अर्थ को समझकर संदर्भ में जवाब देता था, जैसे रंग या आकार के आधार पर वस्तुओं की पहचान करना।

**मानव संपर्क का प्रभाव:** पालतू पक्षी जैसे तोता, मैना और बजरिगर, मानव बोली की नकल इसलिए करते हैं, क्योंकि वे अपने मालिकों के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। यह उनके सामाजिक लगाव का हिस्सा है। मानव द्वारा प्रशिक्षण और पुरस्कार जैसे भोजन या ध्यान आकर्षण भी उन्हें नकल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

पुलकित ने एक दिन अपनी मां को बताया कि वह बड़ा होकर वैज्ञानिक बनेगा। उसका यह सपना पूरा हो, इसके लिए मां ने उसे जो सूत्र दिया, बच्चो तुम भी जानो, अपने सपने पूरे करो।

# पुलकित का सपना


एआई इमेज



प्रेरक कहानी

नीलम राकेश

बारह साल का पुलकित उस दिन मां के पास आकर बोला, 'मम्मी जी, मैंने फैसला कर लिया है कि मैं बड़ा होकर क्या बनूंगा?'

'अरे वाह! यह तो बहुत अच्छी बात है। क्या सोचा है तुमने?' मां ने उत्सुक होकर पुलकित से पूछा।

'मैं बहुत बड़ा वैज्ञानिक बनूंगा।' पुलकित ने बताया।

'अच्छा तो तुम वैज्ञानिक क्यों बनना चाहते हो?' मां ने जानना चाहा।

'मैं बहुत दिनों से सुन रहा हूं, बड़े लोग बात करते हैं, खेती के लिए जमीन की कमी हो रही है। इस तरह तो अनाज की कमी हो जाएगी। इंसान क्या खाएगा? इसीलिए मैंने सोचा है, मैं वैज्ञानिक बनकर इस समस्या का कोई हल खोजूंगा।' पुलकित थोड़ा गंभीर होकर बोला।

'यह तो बहुत अच्छी बात है। तो तुम खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। तभी वैज्ञानिक बनकर तुम अपने सपने को पूरा कर सकोगे।' मां पुलकित के सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोलीं।

पुलकित कुछ आश्चर्य से बोला, ' लेकिन मम्मी आप मेरी बात पर हंसी नहीं? जब मैंने अपने दोस्तों को यह बात बताई तो सबने मेरा खूब मजाक उड़ाया। स्कूल में बहुत से बच्चे मुझे देखते ही कहने लगते हैं-आ गए वैज्ञानिक महाशय।'

'यह तो सफलता का पहला लक्षण है। तुम जरूर एक दिन बहुत बड़े वैज्ञानिक बनोगे।' मां ने बेटे का हौसला बढ़ाया।

'वो कैसे..?' पुलकित ने आश्चर्य से मम्मी से पूछा।

'जानते हो बेटा, हमारे जितने भी महान वैज्ञानिक हुए हैं, वे सब आम लोगों से हटकर सोचते थे। क्योंकि वे समय से आगे की सोचते थे। इसलिए लोगों को लगता कि वो जो कह रहे हैं, वह एक पागलपन है। लेकिन आगे जाकर उनका यही पागलपन यानी लक्ष्य पाने का जुनून किसी बड़े आविष्कार का कारण बना। आज लोग तुम पर हंस रहे हैं, क्योंकि वह तुम्हारी बात नहीं समझ पा रहे हैं। बेटा, लोगों का मजाक उड़ाना भूलकर तुम्हें बस अपने ऊपर विश्वास करके खूब मेहनत और गंभीरता से पढ़ाई करनी चाहिए। अपने लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध रहना है। देखना एक दिन तुम जरूर सफल होगे।'

मां की बात सुनकर नन्हे पुलकित के चेहरे पर विश्वास की आभा तैर उठी। उसने मन ही मन संकल्प लिया वह वैज्ञानिक बनकर कोई ऐसी खोज जरूर करेगा, जिससे देश में इतना ज्यादा अनाज पैदा हो कि लोगों के लिए इसकी कमी ना हो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, वरिष्ठ लेखक गोविंद शर्मा कई दशकों से रोचक, प्रेरक बाल कहानियां लिख रहे हैं। उनकी 36 प्यारी-प्यारी कहानियों की किताब 'मेरी पसंद की बाल कहानियां', शकुंतला कालरा के संपादन में छपकर हाल में ही आई है। ये कहानियां मनोरंजक तो हैं ही, साथ ही हर कहानी में तुमको कोई न कोई प्रेरणा या शिक्षा भी जरूर मिलेगी। 'सोने का अंडा' कहानी कहती है कि लालच हमेशा बुरा परिणाम ही देता है। 'जल की रानी' कहानी में तुम पढ़ोगे




कि किस तरह एक नन्ही बच्ची, खरगोश को स्विमिंग पूल में डूबने से बचा लेती है। कुछ इसी तरह की कहानी है 'छत पर पूल', जिसमें बच्चे चिड़िया को बचाने के लिए छत पर तालाब जैसा बना देते हैं। 'काचू की टोपी' कहानी हंसते-हंसाते बताती है कि हमें सच्चाई का रास्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इसी तरह 'जल कंजूस', 'चुटकी भर मिट्टी' और 'पानी में पैसा' जैसी कहानियां पर्यावरण के प्रति सजग बनाती हैं। बच्चो, सभी कहानियां तुम्हें जरूर अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** मेरी पसंद की बाल कहानियां–गोविंद शर्मा, **संपादन:** डॉ. शकुंतला कालरा, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले

**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**रमन:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-श्रेया, रायपुर

**गप्पू:** मेरी बिल्ली अपना नाम खुद बोल सकती है।
**पप्पू:** अच्छा! क्या नाम है तुम्हारी बिल्ली का?
**गप्पू:** म्याऊं।
-अक्षत, बिलासपुर



**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहित:** सर, यही कि वे अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-सारांश, रोहतक

## जीके क्विज-202

1. आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन कहां किया जाएगा?
2. मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का खिताब किसने जीता है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. बोहाग बिहू किस राज्य का प्रसिद्ध उत्सव है?
5. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
6. किस शासक ने ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण कराया था?
7. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
8. दालों में सेहत के लिए लाभदायक कौन-सा तत्व प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?
10. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?



बच्चो, जीके क्विज-202 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-201 का उत्तर :** 1. दिव्या सिंह, 2. सम्राट चौधरी, 3. ताइक्वांडो, 4. भुवनेश्वर कुमार, 5. 1 मई, 6. कृष्णदेव राय, 7. बैकाल, 8. 12 सदस्य, 9. सिस्मोग्राफ, 10. कावेरी

**जीके क्विज-201 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, आनंद-सीतापुर, सौम्या-रायगढ़, स्वप्निल-जांजगीर, हेमंत-बिलासपुर, तरुण-रोहतक, कविता-महासमुंद

कहानी

इंदिरा त्रिवेदी

रिनी, वार्डरोब में अपने कपड़े बड़े ही बेतरतीब ढंग से रखती थी। उसकी इसी लापरवाही पर एक दिन उसके कपड़े, आपस में बात करके अपनी नाराजगी, गुस्सा प्रकट करने लगे। उन्हें इस बात की तकलीफ थी कि वे रिनी से कुछ बोल नहीं सकते। फिर भी क्या रिनी की आदत में कोई सुधार हुआ?

# काश! हम कुछ कह पाते


एआई इमेज

'लो और कपड़े आ गए वार्डरोब के अंदर! वैसे ही वार्डरोब ठसाठस भरी हुई थी।' कहते हुए रिनी की वार्डरोब में रखी शॉर्ट कुर्ती ने मुंह बनाया। यह देख नया टॉप पहले थोड़ा सकुचाया फिर बोला, 'क्या हुआ बहन, क्या कहना चाह रही हो?'

'कुछ नहीं, तुम नए-नए हो इसलिए कुछ नहीं जानते। कुछ समय बाद तुम्हें अपने आप ही पता चल जाएगा।' शॉर्ट कुर्ती रुक-रुक कर बोली। 'क्या बात है बहन, कुछ तो बताओगी या ऐसे ही पहेलियां बुझाती रहोगी!' नए टॉप ने बात जाननी चाही।

'क्या बताऊं भाई, दरअसल रिनी बहुत लापरवाह लड़की है। कोई भी कपड़ा कहीं भी पटक देती है। कपड़े यहां-वहां पटक देना इसने अपनी आदत ही बना ली है। आज मैं जरूर वार्डरोब में धुली और प्रेस की हुई करीने से रखी हूं, लेकिन पिछले चार दिनों से दरवाजे के पीछे पड़ी धूल खा रही थी। रिनी को जब मम्मी की जोरदार डांट पड़ी, तब उसने मुझे धुलने को दिया और प्रेस होने के बाद मैं आज चैन की सांस ले रही हूं। तुम अभी नए नए हो। धीरे-धीरे सब कुछ जान जाओगे।' शॉर्ट कुर्ती ने अपनी परेशानी बताई। यह सुनकर टॉप सोच में पड़ गया, लेकिन रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में जानने की उसकी जिज्ञासा बढ़ गई, बोला, 'अच्छा बहन, रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में थोड़ा और बताओ।'

शॉर्ट कुर्ती बोली, 'घर के सदस्यों के बारे में क्या बताऊं भाई। और लोग तो जितने व्यवस्थित हैं, उतनी ही रिनी लापरवाह है। उसकी एक दीदी है, बेचारी अकसर मशीन लगा-लगाकर कपड़े धोती रहती है। मम्मी भी धुले हुए कपड़ों को तह करके जब देखो तब रखती रहती हैं, लेकिन अपने कपड़ों को तो रिनी को खुद ही संभालना चाहिए न। क्यों सही कहा न मैंने?' 'हां, हां बिल्कुल, अपना काम तो स्वयं ही करना चाहिए। और वैसे भी इतनी छोटी थोड़ी है वो जो अपना काम न कर सके।' टॉप बोला।

'वही तो मैं भी कह रही हूं, नाइंथ क्लास में वह आ गई है, कुछ तो अक्ल आ जानी चाहिए न!' कुर्ती भुनभुनाई। 'हूं..!' टॉप ने हां में हां मिलाई। उसके साथ ही वार्डरोब में रखे अन्य कपड़ों ने भी सिर हिलाकर अपनी-अपनी सहमति दी। शॉर्ट कुर्ती ने देखा कि सभी कपड़े उसकी बात को ध्यान से सुन रहे हैं। यह देखकर वह और जोश में आ गई। सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए बोली, 'एक बार की बात बताऊं?'

'हां-हां बताओ-बताओ..।' सभी कपड़े एक स्वर में बोले। कुर्ती ने जोश में बताना शुरू किया, 'करीब दो महीने पहले की बात है, रिनी अपने चाचाजी के घर गई थी। चाचाजी की एक बेटी रिनी की हमउम्र है। उस दिन रिनी ने मुझे ही पहना हुआ था। मैंने देखा रिनी के चाचाजी का घर बहुत बड़ा, साफ-सुथरा था। घर की हर चीज करीने से सजी हुई थी। रिनी के चाचाजी की बेटी का नाम सोना है। उसका एक अलग कमरा था। कमरे में उसकी दो अलमारियां थीं। एक किताबों की और दूसरी कपड़ों की। जब रिनी सोना के कमरे में गई तो उसने अपना कमरा दिखाया, साथ में अपनी अलमारियां भी रिनी को दिखाईं। दोनों अलमारियां बहुत अच्छी साफ-सुथरी और व्यवस्थित थीं। कपड़ों की अलमारी में घर के कपड़ों का अलग रैक था। स्कूल के कपड़े, टाई, बेल्ट, मोजे, बैज हर चीज अपनी जगह पर रखी हुई थी। शू-रैक में शूज और चप्पलें करीने से जमे हुए थे। यह सब देखकर मेरी तो आंखें फटी की फटी रह गईं, लेकिन रिनी पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। हैरानी की बात तो यह है कि सोना स्वयं अपनी दोनों अलमारी को जमाती है, उसे साफ-सुथरा रखती है।' कुर्ती ने यह भी बताया, 'वैसे यहां मम्मी और दीदी भी अपनी चीजों को अच्छी तरह रखते हैं, लेकिन रिनी ही लापरवाह है। ऐसे में हम कपड़ों की उम्र भी कम हो जाती है।'

तभी एक लाल रंग की फ्रॉक चहकते हुए बोली, 'छोटा मुंह और बड़ी बात, एक बात कहना चाहूंगी कि कपड़े इंसान की शोभा बढ़ाते हैं, यह बात सच है कि नहीं।' अन्य कपड़ों ने भी उसकी बात से सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल सही कहा लाल फ्रॉक तुमने।' नए टॉप ने भी कपड़ों का महत्व माना, वह बोला, 'अगर व्यक्ति साफ-सुथरे और प्रेस किए कपड़े पहनता है तो उसका व्यक्तित्व कुछ खास नजर आता है। और तो और, अच्छे और साफ-सुथरे कपड़े पहनने से मनुष्य का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।' 'लेकिन इन्हें कैसे समझाएं? काश! हम कुछ कह पाते।' सभी कपड़े एक साथ बोल पड़े। यह चर्चा चल ही रही थी कि कमरे का दरवाजा खुला और रिनी के साथ मम्मी और दीदी भी आ गए। रिनी ने अपनी वार्डरोब जैसे ही खोली, धड़धड़ाते हुए कपड़े जमीन पर गिर पड़े। उसने पलटकर देखा तो मम्मी और दीदी उसे गुस्से में देख रही थीं। रिनी बहुत शर्मिंदा हुई। उसने मन ही मन संकल्प कर लिया कि वह भी अपनी अलमारी को सोना की तरह जमाकर अच्छी तरह रखेगी।

उस दिन के बाद से रिनी सुधर गई और अपने कपड़े ही नहीं, अपनी हर चीज को जगह पर और संभालकर रखने लगी। रिनी की इस बदली आदत से सारे कपड़े खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। दीदी और मम्मी-पापा भी रिनी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। *

कविता

राजेंद्र श्रीवास्तव


एआई इमेज

## मच्छर जब आते हैं

रोहन बोला दादा जी से
मच्छर जब आते हैं।
आसपास कानों के आकर
भन-भन-भन्नाते हैं।
जब भी आते खून चूसकर
चुपके से उड़ जाते।
डेंग्यू और मलेरिया ज्वर
ये मच्छर फैलाते।
दादू बोले दोष न इनका
यह है भूल हमारी।
कचरा नमी गंदगी देखो
फैली कितनी सारी।
साफ स्वच्छ जब आसपास का
वातावरण बनेगा।
दूर-दूर तक कोई मच्छर
तो फिर नहीं दिखेगा।

## रंग भरो-200

**रंग भरो-200** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


अमोल, बेमेतरा


तोयशराज, रायपुर


आशना, जांजगीर


माही, महासमुंद


आर्यन, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रियांशी-बहादुरगढ़, विशिका-बिलासपुर, झरना-धमतरी, डॉली-मटियारी, किंजल-जबलपुर, सुमित-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, दिव्या-जांजगीर, कविता-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-हिसार, अंकित-गुना, सुयश-करनाल, रिंकी-बालोद

## रंग भरो 201



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी ड्रॉइंग बना रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### रोगी अल्पाहार वितरण वार्षिकोत्सव 3 मई को

**फतेहाबाद।** रतिया रोड स्थित योग दिव्य मंदिर में 3 मई रविवार को रोगी अल्पाहार वितरण एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कर्मचंद सरदाना व धर्मपाल चावला ने बताया कि कार्यक्रम के तहत प्रातः 9.15 बजे हवन यज्ञ का आयोजन होगा, जिसके बाद 10.30 बजे से भजन-कीर्तन शुरू होगा। दोपहर 1.15 बजे श्रद्धालुओं के लिए लंगर प्रसादी वितरित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव बत्रा द्वारा की जाएगी।

### 6.84 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी को किया काबू

**हिसार।** पुलिस के एएनसी स्टाफ ने डाबड़ा चौक से एक युवक को 6.84 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मंगाली सुरतिया निवासी अजीत उर्फ घोलू के रूप में हुई है। एएनसी प्रभारी उप निरीक्षक इन्द्र सिंह ने बताया कि एएसआई उपेन्द्र सिंह अपनी पुलिस पार्टी के साथ जिंदल चौक के पास गश्त पर था। इसी दौरान सूचना के आधार पर अर्बन एस्टेट-II रोड कैंची के पास रोड पर पेड़ के नीचे एक युवक को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम मंगाली सुरतिया निवासी अजीत उर्फ घोलू बताया। तलाशी में उसके कब्जे से हेरोइन चिट्टा बरामद हुई।

## फरीदाबाद अग्निकांड के शहीदों को समान सम्मान की मांग तेज

# हक की लड़ाई में उतरे दमकल विभाग के कर्मचारी, विधायकों को सौंपा ज्ञापन

**5000 रुपये मासिक जोखिम भत्ता देने की मांग**

### मांगें न मानी गईं तो 27 अप्रैल से भूख हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/रतिया



**फतेहाबाद।** विधायक बलवान सिंह को ज्ञापन सौंपते दमकल कर्मचारी।

हरियाणा अग्निशमन विभाग और नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर हड़ताल पर बैठे दमकल कर्मचारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया और रतिया में विधायक जरनैल सिंह को अपनी लंबित मांगों और फरीदाबाद अग्निकांड के पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विधायकों ने कर्मचारियों की व्यथा सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि आगामी 27 अप्रैल को बुलाए गए एक दिवसीय विधानसभा सत्र में वे उनकी मांगों को प्रमुखता से उठाएंगे। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अग्निशमन यूनियन के प्रधान विनोद खिचड़ ने किया। इस अवसर पर पंकज, मांगेराम, कालूराम, सतनाम, सुमित, जय सिंह, धर्मपाल, दीवान, महेन्द्र सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद दमकल कर्मचारी पूर्व विधायक दुड़ाराम से भी मिले और उन्हें मांग पत्र सौंपा। विधायक को सौंपे ज्ञापन में कर्मचारियों ने 16 फरवरी 2026 को फरीदाबाद की एक स्टील कंपनी में हुए अग्निकांड का मुद्दा उठाया। कर्मचारियों ने कहा कि इस घटना में दो दमकल कर्मी, भवी चंद शर्मा और रणवीर सिंह, वीरगति को प्राप्त हुए थे। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार इस मामले में दोहरा मापदंड अपना रही है। यूनियन ने तर्क दिया कि इसी घटना में शहीद हुए पुलिसकर्मी को एक करोड़ रुपये की राशि और सरकारी नौकरी दी गई, जबकि दमकल कर्मियों के परिवारों को केवल 30 लाख रुपये की घोषणा कर उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। दमकल कर्मियों की मांग है कि इन जांबाज कर्मचारियों को भी आधिकारिक रूप से शहीद का दर्जा दिया जाए और पुलिस की तर्ज पर एक करोड़ रुपये की सहायता व परिवार के एक सदस्य को स्थायी सरकारी नौकरी दी जाए। ज्ञापन में विभाग में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों की स्थिति पर भी गहरी चिंता व्यक्त की गई है। कर्मचारियों ने मांग की है कि वर्षों से कार्यरत कच्चे दमकल कर्मचारियों को न्यायालयों के आदेशानुसार तुरंत पक्का किया जाए। कच्चे कर्मचारियों को फायर ऑपरेटर के पदों पर समायोजित कर समान वेतन का लाभ दिया जाए। 5000 रुपये मासिक जोखिम भत्ता, 7500 रुपये वर्दी भत्ता और पुलिस की तर्ज पर रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाए। नियमित कर्मचारियों को ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की विसंगतियों से राहत दी जाए। दिवंगत भवी चंद की दिव्यांग पुत्री के सामाजिक लाभ और बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठाए। कर्मचारी संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया, तो वे अपने आंदोलन को तेज करेंगे। 27 अप्रैल से प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर दमकल केंद्रों पर क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की जाएगी।

#### विधानसभा सत्र में मांग उठाने का दिया भरोसा

**रतिया।** रतिया में भी दमकल कर्मचारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने रतिया के विधायक जरनैल सिंह को अपनी लंबित मांगों और फरीदाबाद अग्निकांड के पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विधायक ने कर्मचारियों की व्यथा सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि आगामी 27 अप्रैल को बुलाए गए एक दिवसीय विधानसभा सत्र में वे उनकी मांगों को प्रमुखता से उठाएंगे। इस अवसर पर जिला प्रधान रघुवीर डांगरा, नगर पालिका कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान दरोगा सत्यवान, सतनाम सिंह, सुरजीत सिंह, बलजीत सिंह, सतबीर सिंह, संजय, राजेंद्र, मुकेश कुमार और गुरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** फेयरवेल पार्टी का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते स्टाफ सदस्य।

# फेयरवेल पार्टी में बिताये पलों को किया साझा

### मनोहर मेमोरियल कॉलेज में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में आज रंगारंग और भावनाओं से भरपूर फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बी.एड., बी.ए.बी.एड. और डी.एल.एड. के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने कॉलेज के दिनों की सुनहरी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य, उपप्राचार्या एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन की कमान परमजीत, कोमलप्रीत, अपूर्वा और मनप्रीत ने संभाली, जिन्होंने अपनी शानदार शैली से पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा बनाए रखी। इस दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें नृत्य और संगीत के माध्यम से कॉलेज जीवन के विभिन्न रंगों को दर्शाया गया। कार्यक्रम इंचार्ज अमनप्रीत कौर ने बताया कि समारोह को और अधिक रोचक बनाने के लिए कई विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के फन गेम्स आयोजित किए गए, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को उनकी विशेषताओं के अनुरूप विशेष टाइटल्स देकर सम्मानित किया, जिससे पूरा माहौल हंसी और उल्लास से भर गया।

#### शिक्षकों से लिया आशीर्वाद

कॉलेज से विदाई की इस बेला में कई विद्यार्थियों की आंखें नम नजर आईं। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया और उन्हें जीवन की नई चुनौतियों के लिए तैयार रहने हेतु प्रेरित किया। हंसी, खुशी और भावुकता के संगम वाली यह पार्टी न केवल विद्यार्थियों बल्कि शिक्षकों के लिए भी एक अमिट और यादगार अनुभव बन गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक फोटो खिंचवाकर इन पलों को हमेशा के लिए सहेज लिया।

# रेसिपी प्रतियोगिता में चने की बाकली ने पाया पहला स्थान

■ महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में गांव बलियावाला में पोषण पखवाड़ा के समापन अवसर पर हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में गांव बलियावाला में पोषण पखवाड़ा के समापन अवसर पर पोषण मेला और ब्लॉक स्तरीय रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुपरवाइजर करमजीत कौर ने की। कार्यक्रम में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को सही पोषण, संतुलित आहार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। सुपरवाइजर करमजीत कौर ने महिलाओं को पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्वस्थ परिवार और समाज के निर्माण के लिए हमारे दैनिक आहार में पौष्टिक तत्वों का होना अत्यंत आवश्यक है। प्रतियोगिता में कविता ने अपने स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन चने की बाकली के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। हेमलता ने नमकीन दलिया बनाकर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि कृष्णा ने अपनी पौष्टिक पंजीरी की बेहतरीन प्रस्तुति के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

#### महिलाओं ने ऊर्जा के साथ लिया भाग

उन्होंने कहा स्थानीय और मौसमी खाद्य पदार्थों को अपने भोजन में शामिल करने से शारीरिक और मानसिक विकास को नई दिशा मिलती है। उन्होंने सभी महिलाओं को अपने-अपने परिवारों में सुपोषण का संदेश आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। ब्लॉक स्तरीय रेसिपी प्रतियोगिता में ग्रामीण महिलाओं ने अत्यंत उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता में महिलाओं ने सुलभ और घरेलू सामग्री से तैयार किए गए पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक आहार बनाए।

### टावर की केबल तार चुराने वाले दो आरोपी दबोचे

**सिरसा।** पुलिस ने गांव सुरतिया में लगे टावर की केबल तार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला दो युवकों को रोड़ी थाना पुलिस ने चंद ही घंटो में गिरफ्तार कर लिय है। रोडी थाना प्रभारी ने बताया कि सिक्योरिटी सुपरवाइजर इंद्रदेव पुत्र मनीराम निवासी फरवाई कलां जिला सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 22 अप्रैल की रात्रि को कुछ अज्ञात युवकों ने गांव सुरतिया मे लगे टावर की केबल तार चोरी कर मौका से फरार हो गए। रोडी थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर थाना रोडी में अज्ञात युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई। जांच के दौरान रोडी थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना में संलिप्त दो आरोपी पकड़े।

# किशोरियों की सुरक्षा के लिए एचपीवी वैक्सीन अभियान तेज

### उपायुक्त की अपील : मुफ्त टीका जरूर लगवाएं अभिभावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती।

डीसी डॉ. विवेक भारती ने जिला के अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु ह्यूमन पैपिलोमावायरस यानि एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं। यह वैक्सीन सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है और इसका उद्देश्य बेटियों को गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। डीसी ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा स्कूल स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि किशोरियों और उनके अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व के बारे में सही जानकारी दी जाए। डीसी डा. विवेक भारती ने बताया कि यह टीकाकरण अभियान मुख्य रूप से 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए चलाया जा रहा है। यह वैक्सीन एचपीवी के टाइप-16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करती है, जो सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारण माने जाते हैं, साथ ही टाइप-6 और 11 से भी बचाव करती है। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से (सर्विक्स) में विकसित होने वाला कैंसर है, जिसका मुख्य कारण एचपीवी संक्रमण है। धूम्रपान, कम उम्र में विवाह व गर्भधारण, बार-बार प्रसव तथा कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली इसके जोखिम को बढ़ाते हैं।

#### शिक्षा विभाग को निर्देश

डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीकाकरण से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि लाभार्थी किशोरी खाली पेट न हो। साथ ही टीकाकरण से पूर्व अभिभावकों की ओटीपी आधारित या लिखित सहमति लेना अनिवार्य किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों में किशोरियों का डाटा तैयार कर स्वास्थ्य विभाग के साथ साझा किया जाए। पीटीएम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम को आमंत्रित कर अभिभावकों और छात्राओं को जागरूक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किशोरियां इस अभियान का लाभ उठा सकें।

# षड्यंत्र कर महिला आरक्षण बिल गिराकर विपक्ष ने नारी जाति का किया अपमान : रेनू शर्मा

■ मोदी सरकार की योजनाओं से महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** पत्रकारों से बातचीत करते रेनू शर्मा।

भाजपा की डबवाली जिला अध्यक्षा रेनू शर्मा ने कहा कि संसद में नारी शक्ति अधिनियम का विरोध कर विपक्ष ने महिलाओं का अपमान किया है और अपनी वास्तविक सोच को उजागर किया है। महिला आरक्षण बिल देश की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन इसका विरोध करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वह आज फतेहाबाद में भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. सुमन बजाज और भाजपा जिला उपाध्यक्ष सविता टुटेजा ने महिला कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में रेनू शर्मा ने कहा कि यह बिल देश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार लगातार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है। उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं।

#### आरक्षण बिल का विरोध एक सोची-समझी साजिश

रेनू शर्मा ने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में देखते हैं और जब उन्हें वास्तविक अधिकार देने की बात आती है तो वे पीछे हट जाते हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल का विरोध एक सोची-समझी साजिश है। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खीचड़, पूनम सिंगला, नीलम मेहता, भारती सचदेवा, दीक्षा शर्मा भी मौजूद रही।

### नशा तस्करों पर कार्रवाई, 40 ग्राम अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 40.47 ग्राम अफीम बरामद की गई है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम इलाके में गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान जानकारी मिली कि गीता कॉलोनी क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने घर के बाहर अफीम बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत सक्रियता दिखाई और बताए गए स्थान पर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही संदिग्ध युवक घबरा गया और बचने के लिए पास ही स्थित अपने घर की ओर भागने का प्रयास करने लगा।

# जमीन धोखाधड़ी मामले में एक और आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जमीन खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में फतेहाबाद की इकोनॉमिक सेल ने एक ओर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस केस में अब तक कुल चार गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इकोनॉमिक सेल के प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह के अनुसार, गांव गदली निवासी मोहन लाल ने पुलिस को शिकायत दी थी कि कुछ लोगों ने आपसी मिलीभगत से फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे जमीन बेचने का झांसा दिया। आरोपियों ने जमीन का गलत विवरण दिखाकर शिकायतकर्ता से 10 लाख रुपये ऐंठ लिए। धोखाधड़ी की पराकाष्ठा तब हुई जब आरोपियों ने वह जमीन किसी तीसरे पक्ष के नाम कर दी। इतना ही नहीं, राजस्व रिकॉर्ड में भी हेराफेरी कर खुद को गलत तरीके से मालिक दर्शाया गया। मोहन लाल की शिकायत पर थाना भट्टू कलां में 25 सितंबर 2025 को मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ताजा गिरफ्तारी की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुरेंद्र उर्फ सलेन्द्र पुत्र सुखपाल निवासी गांव गदली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से न्यायाधीश के आदेशानुसार उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है और अन्य पहलुओं को खंगाला जा रहा है ताकि इस सिंडिकेट से जुड़े हर चेहरे को बेनकाब किया जा सके।

### चूरा पोस्त के साथ महिला को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला को चूरा पोस्त सहित काबू किया है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस टीम बस अड्डा, गांव ढिंगसरा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि एक महिला राजस्थानी पहनावे में चेकदार बैग लेकर भट्टू कलां क्षेत्र की ओर आ रही है, जिसके पास भारी मात्रा में चूरा पोस्त है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हुडा पार्क, भट्टू कलां क्षेत्र में पहुंचकर संदिग्ध महिला को काबू किया। पूछताछ में आरोपी की पहचान वीरपाल कौर पुत्री जगीर सिंह निवासी जस्सी पौवाली, जिला बठिंडा के रूप में हुई। नियमानुसार महिला पुलिस कर्मचारी की मौजूदगी में तलाशी ली गई।

# स्कूल से टीवी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना पुलिस ने चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए एक स्कूल में हुई चोरी की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई एलईडी टीवी भी बरामद कर ली है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि मंगिया गली निवासी प्रदीप कुमार मंगिया ने पुलिस को शिकायत दी थी। प्रदीप कुमार शक्ति नगर में रयान कॉन्वेंट स्कूल चलाते हैं। उन्होंने बताया कि 18 और 19 अप्रैल की दरम्यानी रात को एक अज्ञात चोर स्कूल की पिछली दीवार फांदकर अंदर दाखिल हुआ और वेटिंग एरिया में लगी रुश्वष्ठ स्क्रीन चोरी करके फरार हो गया। स्कूल संचालक की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और सूचनाओं के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की। पकड़े गए आरोपी की पहचान दीपांशु उर्फ बाबू पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी दीपांशु मूल रूप से पंजाब के जिला बठिंडा के गांव चक रलदू सिंह वाला का रहने वाला है, जो फिलहाल टोहाना के दमकोरा रोड पर रह रहा था।

## 27 अप्रैल को मनाई जाएगी श्रेष्ठ एकादशी, विष्णु पूजा का विशेष महत्व

# मोहिनी एकादशी: पापों से मुक्ति और मोक्ष का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** पंडित सोनू शर्मा।

वैशाख मास की मोहिनी एकादशी इस वर्ष 27 अप्रैल को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह एकादशी सभी एकादशियों में श्रेष्ठ मानी गई है। इस दिन भगवान विष्णु के मोहिनी रूप की पूजा का विशेष महत्व है, जो व्यक्ति को पापों से मुक्ति दिलाकर सुख-समृद्धि प्रदान करता है।श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि ज्योतिषीय गणना के अनुसार एकादशी तिथि 26 अप्रैल को शाम 6:06 बजे से शुरू होकर 27 अप्रैल को शाम 6:15 बजे तक रहेगी। व्रत का पारण 28 अप्रैल को सुबह 5:43 बजे से 8:21 बजे के बीच किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शास्त्रों में वर्णित है कि मोहिनी एकादशी का व्रत करने से मनुष्य के इस जन्म और पूर्व जन्मों के पापों का नाश होता है। श्रद्धा के साथ किया गया यह व्रत 1000 गौदान और अनेक यज्ञों के बराबर पुण्य फल देने वाला माना गया है। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से व्यक्ति मोह-माया के बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष की ओर अग्रसर होता है। धार्मिक कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन के समय भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर असुरों से अमृत की रक्षा की थी और देवताओं को अमृत पान कराया था। इसी कारण इस एकादशी का महत्व और भी बढ़ जाता है। पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार भद्रावती नगर में धनपाल नामक एक धर्मात्मा वैश्य रहता था। उसका पुत्र धृष्ट बुद्धि बुरे कर्मों में लिप्त था, जिसके चलते उसे घर से निकाल दिया गया। भटकते हुए वह कौडिन्य ऋषि के आश्रम पहुंचा और प्रायश्चित का उपाय पूछा। ऋषि के कहने पर उसने मोहिनी एकादशी का व्रत किया, जिससे उसके सभी पाप नष्ट हो गए और अंततः उसे विष्णु लोक की प्राप्ति हुई।

#### शुभ मुहूर्त

- **एकादशी प्रारंभ** : 26 अप्रैल, शाम 6:06 बजे
- **एकादशी समाप्ति** : 27 अप्रैल, शाम 6:15 बजे
- **पूजा का शुभ समय** : सुबह 9:02 बजे से 10:40 बजे तक
- **व्रत पारण** : 28 अप्रैल, सुबह 5:43 बजे से 8:21 बजे तक

#### ऐसे करें भगवान विष्णु की पूजा

पंडित सोनू शर्मा के अनुसार मोहिनी एकादशी के दिन प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें और व्रत का संकल्प लें। पूजा स्थल को शुद्ध कर चौकी पर लाल वस्त्र बिछाकर भगवान विष्णु की मूर्ति स्थापित करें। पंचामृत से स्नान कराकर चंदन, रोली व पुष्प अर्पित करें। इसके बाद नैवेद्य चढ़ाएं, धूप-दीप प्रज्वलित करें और विष्णु मंत्रों का जप करें। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित करें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन विधि-विधान से पूजा और व्रत करने पर भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख, शांति व समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों को महिला अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**सिरसा।** जनसंपर्क विभाग द्वारा वीरवार को गांव लकड़ांवाली में ग्रामीणों को 'नारी शक्ति वंदन' अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लीडर भजन पार्टी लाला राम व जुगती राम ने ग्रामीणों को महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### दुर्गा मंदिर ओढ़ा में मासिक भंडारा कल

**ओढ़ा।** दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य में पुरानी अनाज मंडी में स्थित श्री दुर्गा मंदिर ओढ़ा में मासिक भंडारा 24 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। मंदिर के पुजारी देव शर्मा ने बताया कि 24 अप्रैल को शाम सात बजे कंजक पूजन के साथ ही भंडारा शुरू हो जाएगा। इस दौरान श्री दुर्गा सेवा मंडल की ओर से श्री दुर्गा नारी मंडल की महिलाएं माता रानी की महिमा का गुणगान करेंगी।

### जेजेपी की बैठक गांव चौटाला में आज

**सिरसा।** युवा जननायक जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला 24 अप्रैल को गांव चौटाला के मुख्य चौक में हलका डबवाली के प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा व जिला कार्यालय प्रभारी हरिसिंह भारी ने बताया कि इस बैठक में युवा जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला 27 अप्रैल को हिसार में छात्र महापंचायत को ऐतिहासिक बनाने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश

### 1962 से गांवों में पशुपालन को मिली नई रफ्तार

**सिरसा।** जिले में पशुपालकों को बेहतर और समय पर पशु चिकित्सा सेवाएं देने के लिए शुरू की गई 1962 मोबाइल वेटरनरी सेवा अब धरातल पर असर दिखा रही है। इस संबंध में डॉ. ध्रुव सिहाग ने बताया कि विभाग की ओर से पशुपालकों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के तहत संतुलित आहार, समय पर टीकाकरण, बीमारियों की रोकथाम और पशुओं की सही देखभाल के बारे में जानकारी दी जाती है, जिससे पशुधन की उत्पादकता में सुधार हो रहा है।

# जून सी गर्मी का कहर : तपती रातों ने बढ़ाई परेशानी, न्यूनतम पारा 27 पार

## दोपहर के बाद सुनसान नजर आए बाजार, 41 डिग्री रहा दिन का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश में इस बार अप्रैल के चौथे सप्ताह ने ही गर्मी ने जून की गर्मी की फिलिंग करवा दी है। दरअसल वीरवार को यहां का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री को पार कर गया जबकि अधिकतम तापमान 41 डिग्री के आसपास घूम रहा है। यानी की प्रदेश में दिन के साथ अब रातें भी तपने लगी हैं। प्रदेश में बीती रात को ओवरआल न्यूनतम तापमान में करीब 3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। हरियाणा के कुछ इलाकों में भीषण गर्मी पड़ रही है। वीरवार को दिन में फतेहाबाद का तापमान बढ़ कर 41 डिग्री रहा। यहां पर झुलसा देने वाली गर्मी पड़ी है। दिनभर लोगों को गर्मी से कोई राहत नहीं मिली। वीरवार दोपहर को यहां के हालात यह थे कि नेशनल हाइवे सुनसान दिखाई दे रहा था। बाजारों और कार्यालयों में भी आम दिनों की बजाय कम रौनक थी। बढ़ती गर्मी के कारण बिजली की डिमांड भी तेजी से बढ़ी है। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मदन खीचड़ के अनुसार प्रदेश में मौसम आमतौर पर 25 अप्रैल तक खुश्क व गर्म रहने की संभावना है। इस दौरान बीच बीच में गर्म हवाएं यानि लू चल सकती है। इस दौरान दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने तथा रात्रि तापमान में ज्यादा बदलाव न होने की संभावना है। 26 अप्रैल से एक और पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव से राज्य के मौसम में फिर से बदलाव आ सकता है। 28 अप्रैल तक मौसम में बदलाव रहेगा, इससे अंधड़ व हल्की बारिश की भी संभावना बन रही है। अप्रैल के अंतिम दिनों में मौसम सुहावना रहने के भी आसार है।





**फतेहाबाद।** भीषण गर्मी से बचाव के लिए बच्चे को ढककर ले जाती महिला तथा भीषण गर्मी में सुनसान पड़ा नेशनल हाइवे।

### क्या न करें

बच्चों व पालतू जानवरों को अकेला न छोड़ें। धूप में बाहर जाने से बचें, खासकर दोपहर 12 बजे से तीन बजे बीच। गहरे रंग या तंग कपड़े पहनने से बचें। बाहरी तापमान अधिक होने पर कठोर मेहनत वाली गतिविधियों से बचें। अधिक गर्मी के समय खाना पकाने से बचें। खाना पकाने के क्षेत्र को पूरी तरह से हवादार बनाएं, जिसके लिए दरवाजे, खिड़कियां खोलें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटिड शीतल पेय पीने से बचें, जो शरीर को निर्जलित करते हैं। उच्च प्रोटीन वाले बासी भोजन का सेवन न करें।

### गर्मी से बचने के लिए क्या करें

घर पर रहें और बिना किसी काम बाहर न निकले। प्यास न होने पर भी पानी पीते रहें। हल्के रंग के ढ़ीले व सूती कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय सिर व मुंह के बचाव के लिए काला चश्मा, छाता, पगड़ी, दुपट्टा, टोपी के अलावा पैरों में जूते या चप्पल अवश्य पहनें। इसके अलावा यात्रा करते समय अपने साथ पानी जरूर साथ लेकर चलें। यदि आप बाहर काम करते हैं तो एक टोपी या छतरी और अपने सिर, गर्दन, चेहरे के लिए एक नम कपड़े का उपयोग करें। घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जो शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। कमजोर, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचाने। गर्भवती महिलाओं और श्रमिकों को गर्मी से बचाव पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए।

### हीट वेव को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

तेज गर्मी व हीट वेव के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इस मौसम में जरूरी सावधानी बरतें व गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं और खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हीट वेव से शारीरिक तनाव हो सकता है और यहां तक की मनुष्य की जान जा सकती है। जान को खतरा बनने वाली हीट वेव से बचने के लिए सावधानियां बरतनी जरूरी हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से गर्मी व लू से बचने के संबंध में जारी हिदायतों के अनुसार नागरिक दोपहर के समय बाहर जाने से बचें। तापमान अधिक होने की स्थिति में श्रमयुक्त कार्य न करें। इसके अलावा, शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और कार्बोनेटिड शीतल पेय जैसे पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं।

# भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए सावधानी बरतें नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिले में तेज गर्मी और हीट वेव के दृष्टिगत आमजन इस मौसम में आवश्यक सावधानियां बरतें और गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का खास ध्यान रखा जाए, क्योंकि हीट वेव के कारण शरीर पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है और कई बार यह जानलेवा भी साबित हो सकती है। इसलिए समय रहते सतर्क रहना और बचाव के उपाय अपनाना अत्यंत आवश्यक है। जिला राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार नागरिक दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। अत्यधिक तापमान की स्थिति में भारी श्रम वाले कार्यों से बचें। शरीर में पानी की कमी करने वाले पेय जैसे चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेयों का सेवन सीमित करें तथा बासी व अधिक प्रोटीन युक्त भोजन से परहेज करें।

### यह बरतें एहतियात

जिला राजस्व अधिकारी ने बताया कि नागरिक यथासंभव घर के अंदर रहें और मौसम से संबंधित जानकारी के लिए रेडियो, टीवी एवं समाचार पत्रों का सहारा लें। प्यास न लगने पर भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। हल्के रंग के ढीले एवं सूती कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय सिर और चेहरे को ढकें तथा चश्मा, छाता, टोपी या दुपट्टे का प्रयोग करें। बाहर जाते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि बाहर कार्य करने वाले नागरिक सिर, गर्दन व चेहरे को नम कपड़े से ढकें तथा समय-समय पर विश्राम करें। लस्सी, छाछ, नींबू पानी जैसे घरेलू पेय पदार्थों का सेवन करें, जो शरीर को हाइड्रेट रखते हैं। हीट स्ट्रोक के लक्षण जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द या दौरे आने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लें। उन्होंने कहा कि घरों को ठंडा रखने के लिए पर्दों और वेंटिलेशन का उपयोग करें तथा ठंडे पानी से स्नान करें। कार्यस्थलों पर ठंडे पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। श्रमिकों को सीधी धूप से बचाते हुए कम तापमान वाले समय में कार्य करवाया जाए।

### दोपहर के समय बाहर जाने से बचें

जिला राजस्व अधिकारी ने कहा कि बच्चों और पालतू जानवरों को बंद वाहनों या धूप में अकेला न छोड़ें। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर जाने से बचें। गहरे रंग व तंग कपड़े न पहनें और अधिक गर्मी में भारी कार्य न करें। खाना पकाने के दौरान रसोई को हवादार रखें। उन्होंने कहा कि शराब, चाय, कॉफी व कार्बोनेटेड पेय का अधिक सेवन न करें, क्योंकि ये शरीर में पानी की कमी बढ़ाते हैं। बिना हाथ धोए आंख, नाक व मुँह को न छुएं। बीमार व्यक्ति से दूरी बनाए रखें तथा यदि स्वयं अस्वस्थ महसूस करें तो घर पर रहकर उपचार लें। उन्होंने जिला वासियों से अपील की कि वे जारी दिशा-निर्देशों का पालन कर स्वयं और अपने परिवार को हीट वेव के खतरे से सुरक्षित रखें।



**सिरसा।** कार्यक्रम में भाग लेते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्व कम नहीं

**सिरसा।** जिला पुस्तकालय में विश्व पुस्तक दिवस एवं कॉपीराइट दिवस के अवसर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने कहा कि पुस्तकें मानव जीवन की सच्ची मित्र होती हैं, जो न केवल ज्ञान का भंडार प्रदान करती हैं बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि यह हमें गहराई से सोचने, समझने और सही दिशा में आगे बढने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि कॉपीराइट का उद्देश्य लेखकों, रचनाकारों और विद्वानों के अधिकारों की रक्षा करना है, जिससे उनकी रचनात्मकता को उचित सम्मान और संरक्षण मिल सके। डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक पुस्तकों का अध्ययन करें तथा बौद्धिक संपदा के अधिकारों का सम्मान करें।

### राजेंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज ने लहराया परचम

**सिरसा।** राजेंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर ग्रेजुएट एप्टीट्यूट फार्मेसी टेस्ट (जीपीएटी) में सफलता का परचम लहराया। इस कड़ी में संस्थान के दो विद्यार्थियों ने सराहनीय रैंक के साथ यह परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्र मनप्रीत मान ने परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 326वां प्राप्त किया ओर छात्रा हर्षिता ने 1217वां हासिल कर संस्थान एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन नरेश कुमार गुप्ता, सचिव पुलकित गुप्ता एवं प्राचार्य संजीव कालड़ा ने संयुक्त रूप से दोनों होनहार विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ये सफलता विद्यार्थियों की लगन और अध्यापकों के मार्गदर्शन को दर्शाता है।

# सीएमके व्यक्तित्व निर्माण का मंच : उप्पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भावपूर्ण एवं रंगारंग विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय प्राचार्या अंशु उप्पल ने कहा कि सीएमके महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का भी महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि महाविद्यालय परिवार को अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर सदैव गर्व रहेगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य, कविता पाठ तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया।

■ बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**सिरसा।** विभिन्न खिताबों से नवाजे गए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### उपाधियों की घोषणा

रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य और एकल गायन ने समारोह में विशेष आकर्षण उत्पन्न किया, जिससे पूरा सभागार तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा। समारोह के दौरान विभिन्न आकर्षक उपाधियों की घोषणा भी की गई। इसमें मिस्टर फेयरवेल का खिताब हार्दिक तथा मिस फेयरवेल का खिताब अर्पिता को प्रदान किया गया। वहीं मिस्टर पर्सनैलिटी के रूप में राहुल और मिस पर्सनैलिटी के रूप में संध्या को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त दीपक को मिस्टर किंग तथा पलक को मिस स्माइल के विशेष खिताब से नवाजा गया।



**सिरसा।** वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करते विद्यार्थी।

### बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने वन स्टॉप सेंटर का किया भ्रमण

**सिरसा।** चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ सोशल वर्क में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने वीरवार को लघु सचिवालय कॉलोनी स्थित वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कियया। इस दौरान विभाग के सहायक प्रोफेसर नरेंद्र दुल भी मौजूद रहे। वन स्टॉप सेंटर की इंचार्ज मंजू चौधरी ने विद्यार्थियों को वन स्टॉप सेंटर की कार्य प्रणाली व इसके अंतर्गत महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यहां दी जाने वाली सुविधाएं, अस्थाई आश्रय, मेडिकल सहायता, पुलिस सहायता, लीगल सहायता व साइको काउंसलिंग के बारे में जानकारी दी। साथ ही पोश एक्ट 2013 व पॉक्सो एक्ट 2012 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पोश एक्ट 2013 के अंतर्गत इंटरनेशनल कंप्लेंट कमेटी व लोकल कंप्लेंट कमेटी के बारे में बताया। इस दौरान विद्यार्थियों को सामाजिक वेल्यू के बारे में विस्तार से बताया।

■ पोश एक्ट 2013 व पॉक्सो एक्ट 2012 के बारे में बताया

### ब्लैकमेल करने के मामले का आरोपी किया गया गिरफ्तार

**चोपटा।** पुलिस ने षडयंत्र के तहत ब्लैकमेल करने के मामले में संलिप्त एक आरोपी को गांव जमाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने वीरवार को बताया कि गांव जमाल निवासी मोहन लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने आरटीआई के माध्यम से गांव में हुए विकास कार्यों तथा सरपंच की शैक्षणिक योग्यता के संबंध में डीसी कार्यालय सिरसा एवं सीएम कार्यालय से जानकारी मांगी थी। इसी बात से नाराज होकर गांव की महिला सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि तथा अन्य व्यक्तियों ने रंजिश के तहत उसे झूठे मामले में फंसाने की साजिश रची। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने गांव की एक महिला को उसका मोबाइल फोन देकर वीडियो कॉल के माध्यम से अश्लील बातचीत करने के लिए उकसाया और मीठी-मीठी बातों में फंसाकर उसके खिलाफ झूठा मामला दर्ज करवाने की योजना बनाई। इस साजिश के माध्यम से उसे ब्लैकमेल करने का प्रयास किया गया।थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण सूचनाओं के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि इस पूरे षड्यंत्र का पर्दाफाश किया जा सके। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और इस मामले में जो भी व्यक्ति संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




**सिरसा।** पकड़ा गया आरोपी।



**सिरसा।** पुस्तक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

### पुस्तकें हमारी सच्ची व अच्छी मित्र : डॉ. कुलदीप कौर

**ओढां।** माता हरकी देवी महिला शिक्षा महाविद्यालय ओढ़ा में लाइब्रेरी प्रकोष्ठ के तहत विश्व पुस्तक दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माता हरकी देवी शिक्षण संस्थान की प्रबंध निदेशिका डॉ कुलदीप कौर आनंद ने अपने संदेश में कहा कि पुस्तकें हमारी सबसे सच्ची व अच्छी मित्र होती हैं, पुस्तकें सभ्यता का आइना भी होती हैं, क्योंकि आज एक सभ्यता के रूप में हमें जो भी प्राप्त है उसका अधिकतर हिस्सा पुस्तकीय ज्ञान के आधार पर है। सहायक निदेशक शशिकांत शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि किताबें अनुभवों, कल्पनाओं व सोच की संवाहक होती है, उन्होंने बच्चों के साथ महात्मा गांधी की आत्मकथा के संदर्भ भी सांझे किए। इस अवसर पर एक काव्यपाठ का भी आयोजन किया गया जिसमें शिक्षार्थियों व प्राध्यापकों ने कविताएं प्रस्तुत की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत ने बताया कि आज विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में एक नवाचारी श्रृंखला *इबारत- पुस्तक संवाद प्रतियोगिता* की घोषणा की गई है। इस श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य शिक्षार्थियों में पुस्तक पढने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का आयोजन पुस्तकालयाध्यक्ष सीमा के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

■ किताबें अनुभवों, कल्पनाओं व सोच की संवाहक

### बार-बार बिजली कट से जनता बेहाल : सैलजा

**सिरसा।** हरियाणा में गर्मी की शुरुआत होते ही बिजली संकट ने गंभीर रूप ले लिया है। प्रदेश के कई हिस्सों में लंबे-लंबे बिजली कट लगाए जा रहे हैं। कभी मेंटेनेंस के नाम पर तो कभी अन्य कारणों का हवाला देकर दिनभर बिजली आपूर्ति बाधित रहती है, जिससे आमजन, किसान, व्यापारी और विद्यार्थी सभी प्रभावित हो रहे हैं। सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हर घर सोलर और बिजली बिल शून्य जैसे नारों से जनता को भ्रमित किया है। जमीनी सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है, जहां लोगों को भारी बिजली कटौती और बढ़े हुए बिलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर जिन लोगों ने लाखों रुपये खर्च कर अपने घरों पर सोलर सिस्टम लगाए हैं, उन पर भी फिक्स चार्ज के नाम पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है।



**सिरसा।** मंडियों में किसानों से बातचीत करते डॉ. केवी सिंह। फोटो : हरिभूमि

### मंडियां गेहूं से फुल, किसान की जेब खाली : डॉ. केवी सिंह

**डबवाली।** कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह ने डबवाली की अनाज मंडियों का दौरा किया और किसानों व आढ़तियों की समस्याएं जानीं। डॉ. केवी सिंह ने कहा कि इस सीजन में पहले खराब मौसम ने फसलों को नुकसान पहुंचाया, उसके बाद बायोमेट्रिक, वाहन पंजीकरण, जिओ फैंसिंग आदि अड़चनों से निकलना और बाद में तुलाई की मुश्किल के चलते किसानों पर तिहरी मार पड़ी है, पचास प्रतिशत फसल की तुलाई हो गई है,अनाज मंडियां गेहूं से फुल है पर किसान की जेब खाली है जिस कारण किसानों में रोष है। उन्होंने कहा कि उन्हें पता चला है कि जिन किसानों की 13 अप्रैल तक फसल की तुलाई हो गई थी उनको भी आज तक फूटी कौड़ी सरकार द्वारा नहीं दी गई है, जो सरकार के फसल उठान के 72 घंटे तक भुगतान के खोखले दावों की पोल खोलता है। डॉ सिंह ने सरकार से सवाल किया है कि 80 लाख मीट्रिक टन फसल की आवक 22 तारीख तक हो चुकी है और 30 तारीख तक अभी फसल खरीद की जानी है, ऐसे में सरकार बताए कि वह शेष बची फसल की खरीद करेगी या नहीं। डॉ केवी सिंह ने कहा कि अनाज मंडीयों में केवल किसान की ही नहीं, बल्कि आढ़ती, मजदूर की हालत भी चिंतनीय है।

### नेशनल स्कूल गेम्स में गुरमन ने जीता कांस्य पदक

**सिरसा।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दिल्ली में आयोजित 69वें नैशनल स्कूल गेम्स के अंडर-17 वर्ग में गुरदेव इंडोर स्टेडियम संत नगर सिरसा के गुरमन राय ने तीसरा स्थान हासिल किया। श्री गुरदेव चैरिटेबल ट्रस्ट, संतनगर के प्रधान हरपिंद्र कूका ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 29 राज्यों से खिलाड़ियों ने भाग लिया। सिरसा से गुरदेव इंडोर स्टेडियम में अनुभवी प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण ले रहे गुरमन राय ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। हरपिंद्र कूका ने गुरमन राय को कांस्य पदक जीतने पर बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरमन राय में खेल के प्रति ललक है। इससे पूर्व भी वह अनेक राष्टरीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुका है। प्रधान हरपिंद्र कूका ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर करना है। कोच गुरबचन सिंह ने बताया कि गुरमन राय सर्वप्रथम यहां प्रशिक्षण ले रहा था और इसके बाद वह श्री गुरदेव चैरिटेबल ट्रस्ट, संतनगर की ओर से गांव के गुरदेव इंडोर स्टेडियम में प्रशिक्षण के लिए चला गया।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

**सख्ती** जिलाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 लागू कर दिए सख्त निर्देश

# फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध, उल्लंघन पर कटेगा चालान, दर्ज होगी एफआईआर

प्रशासन की सख्ती और जागरूकता अभियानों का दिख रहा सकारात्मक परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला में रबी सीजन 2025-26 के दौरान लगभग 4 लाख 60 हजार 575 एकड़ क्षेत्र में गेहूं की बुवाई की गई थी, जिसकी कटाई का कार्य अब लगभग पूर्ण हो चुका है। कटाई उपरांत फसल अवशेषों में आगजनी रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। जिलाधीश डा. विवेक भारती द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 लागू करते हुए गेहूं के अवशेषों में आग लगाने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन की सख्ती और जागरूकता अभियानों का सकारात्मक परिणाम यह है कि अब तक जिला में फसल अवशेष जलाने की एक भी घटना सामने नहीं आई है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डा. राजेश सिहाग ने बताया कि जिला के प्रत्येक गांव में निगरानी के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो लगातार गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक कर रही हैं।



**फतेहाबाद।** गेहूं कटाई करते किसान। फोटो : हरिभूमि

### फसल अवशेष प्रबंधन के बताए जा रहे लाभ

ये टीमें जागरूकता कैंप, नुक्कड़ सभाएं तथा मंदिरों और गुरुद्वारों के माध्यम से किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लाभ समझा रही हैं। किसान भी अब जागरूकता दिखाते हुए आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से फसल अवशेषों का प्रबंधन कर रहे हैं। कई किसान तूड़ी और चारा तैयार कर रहे हैं, जबकि इस बार बड़ी संख्या में किसान बेलर मशीन के जरिए अवशेषों की गांठ बनाकर उनका उपयोग कर रहे हैं। इसका सीधा लाभ उन्हें आर्थिक रूप से भी मिल रहा है, क्योंकि तूड़ी और चारे के अच्छे दाम मिल रहे हैं। डीडीए ने कहा कि यदि कोई किसान प्रतिबंध के बावजूद फसल अवशेषों में आग लगाता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार चालान किया जाएगा, एफआईआर दर्ज की जाएगी और 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर रेड एंट्री की जाएगी। इससे संबंधित किसान आगामी दो सीजन तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेचने से वंचित रह सकता है। डीडीए ने किसानों से अपील की है कि वे फसल अवशेषों में आग न लगाएं, क्योंकि इससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है और मिट्टी में मौजूद लाभकारी जीवाणु एवं मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं, जो भूमि की उर्वरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने किसानों से यह भी आग्रह किया कि वे अपने फसल अवशेषों से चारा तैयार कर अपने पशुओं के उपयोग में लाएं और अतिरिक्त चारे को नजदीकी गौशालाओं में भंडारित करवाएं, ताकि भविष्य में पशुओं के लिए चारे की कोई कमी न रहे।

### सात लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की हुई खरीद

**सिरसा।** जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद प्रक्रिया जारी है। गत दिवस तक जिला के 78 हजार 269 किसानों की सात लाख तीन हजार 686 मीट्रिक टन (एमटी) गेहूं की खरीद की जा चुकी है जिसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 51342 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 529594 मीट्रिक टन तथा एचएसडब्ल्यूसी 122750 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि अबूबशहर मंडी में 21788 मीट्रिक टन, बड़ागुढा मंडी में 18053 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में 40271 मीट्रिक टन, डिंग मंडी में 20144 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद मंडी में 40498 मीट्रिक टन, गंगा मंडी में 11147 मीट्रिक टन, जीवन नगर मंडी में 20267 मीट्रिक टन, कालांवाली मंडी में 56581 मीट्रिक टन, नाथूसरी चौपटा मंडी में 19414 मीट्रिक टन, सिरसा मंडी में 63570 मीट्रिक टन खरीद दर्ज की गई, जिला की अन्य मंडियों में भी गेहूं की आवक जारी है।